# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ।

प्रथम तल प्रशासनिक भवन, अग्निशमन केन्द्र हजरतगंज, बाल्मीकि मार्ग लालबाग, लखनऊ 226001, Email-ID-cfofs.lu-up@gov.in, cfolko616@gmail.com.

पत्र संख्याः सी0एफ0ओ0-एफ0एस0/2025 दिनांकः अगस्त 13,2025

सेवा में,

**अपर सचिव,**
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ।

**विषयः-** **जियामऊ खसरा संख्या-93 डालीबाग में 72 ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों के अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र अनिवार्यता के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्याः418/A-A6/A5/25 दिनांक 11.08.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 06.08.2025 को अध्यक्ष, रेरा की अध्यक्षता में जियामऊ खसरा संख्या-93 डालीबाग में 72 ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों का रेरा रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में हुई बैठक में इन भवनों का अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के सम्बन्ध में आख्या चाही गई है। प्रस्तावित 72 ई0डब्ल्यू0एस0 भवन जी+3 तल निर्मित है, जिसकी ऊंचाई 12.75 मीटर है तथा 01 ब्लाक का अधिकतम क्षेत्रफल लगभग 450 वर्गमीटर है। जिसका ले-आउट प्लान, एलिवेशन ड्राइंग संलग्न कर अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में है।

प्रश्नगत प्रकरण में अवगत कराना है कि उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम-2022 के प्रस्तर-26(छायाप्रति संलग्न) के अनुसार उपरोक्त ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों को अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नही है किन्तु अग्नि/जनसुरक्षा के दृष्टिगत भवन में एनबीसी मानक के अनुसार वांछित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का अधिष्ठापन कराया जाना समीचीन होगा।

अतः आख्या अवलोकनार्थ सेवा में प्रेषित है।

**संलग्नकः**-यथोपरि।

13/08/25

(अंकुश मित्तल)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
लखनऊ।

**प्रतिलिपिः**-जिलाधिकारी लखनऊ महोदय को सादर सूचनार्थ।